संसद सदस्यों ने स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 28 मई, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल; अध्यक्ष, विदेश मामलों की स्थायी समिति, श्री पी.पी. चौधरी; सांसदों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव,क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह और श्री पी.सी.मोदी ने भी इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर केंद्रीय कक्ष में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवनवृत वाली पुस्तिका भेंट कि गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने 26 फरवरी 2003 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र का अनावरण किया था।